हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

# कोरोनाकाल से बंद लोकल ट्रेनें पटरी पर लौटी, यात्रियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने कोरोनाकाल से प्रभावित चल रही है लोकल ट्रेनों का संचालन पुनः बहाल कर दिया है। अब राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से कुल 14 लोकल ट्रेन गुजरेगी।

बीते कुछ वर्षों में लोकल ट्रेनों के यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार यात्री ट्रेनें रद्द होने और लोकल ट्रेनों को नहीं चलाए जाने के चलते दैनिक यात्रियों से लेकर प्रदेश के दूसरे जिलों में जाने वाले यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। रेलवे प्रशासन द्वारा एक बार फिर कुछ लोकल ट्रेनों को 15 जुलाई से शुरू किया गया है। इनमें सभी ट्रेन 16 और 17 जुलाई से शुरू हो जाएगी। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से होकर वर्तमान में 10 पैसेंजर ट्रेनें चल रही थी। रेलवे ने 13 पैसेंजर ट्रेनों को पुनः शुरू किया है। इन लोकल ट्रेनों के शुरू हो जाने से यात्रियों को भीड़ से राहत मिलने के साथ ही रुपयों की बचत भी होगी।

## लोकल ट्रेनें नहीं होने से एक्सप्रेस में सफर करने की थी मजबूरी

### 13 लोकल ट्रेनें हुई बहाल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रद्द की गई यात्री ट्रेनों की बहाली की है। जिसमें गोंदिया-कटंगी डेमू पैसेंजर, कटंगी-गोंदिया डेमू, तुमसर रोड-बालाघाट, बालाघाट-तुमसर रोड डेमू, रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, गोंदिया-रायपुर मेमू, रायपुर-गेवरा रोड मेमू, गेवरा रोड-रायपुर मेमू, रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, पैसेंजर और डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर शामिल हैं।



### राजधानी के सफर में मिलेगी सुविधा

डोंगरगढ़-कोरबा और गोंदिया-रायपुर लोकल शुरू होने से राजधानी तक का सफर करने वाले यात्रियों को फिर से काफी सुविधा होगी। दोनों ट्रेनों का समय सुबह के वक्त होने से अधिकांश यात्री इसी ट्रेन में सफर करते थे, लेकिन ट्रेन का संचालन बंद होने के चलते राजधानी तक के सफर में काफी समस्या होती थी।

### दो का संचालन शुरू

कोरोनाकाल के दौर से प्रभावित चल रही डोंगरगढ़ से कोरबा पैसेंजर जो सुबह 4 बजे राजनांदगांव पहुंचती थी, उसका संचालन दोबारा शुरू हुआ है। वहीं गोंदिया-रायपुर पैसेंजर जो सुबह 9 बजे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचती थी। इस ट्रेन की बहाली भी की गई है।

### नांदगांव से 14 लोकल

राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 10 लोकल ट्रेनों का फेरा था। सभी पैसेंजर ट्रेनों को शुरू करने से यहां से अब 14 लोकल ट्रेनें गुजरेंगी। जिससे स्थानीय यात्रा करने वाले यात्रियों का अपने गंतव्य तक जाने लोकल ट्रेन की सुविधा होगी।

---

### ग्वालियर से ही पकड़ा गया 9वां आरोपी, गोलीकांड में था शामिल

# मोहड़ कांड में शामिल एक और आरोपी पकड़ाया, संजय सहित दो अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा शिवनाथ नदी में अवैध रूप से रेत तस्करी करने के लिए रैम्प निर्माण के दौरान ग्रामीणों के साथ हुए मारपीट गोलीकांड और बवाल के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को ग्वालियर में पकड़ा। पूर्व में आठ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। मामले में संजय सिंह से अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

ज्ञात हो कि प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 11 जून को रात्रि 7 से साढ़े 7 बजे के बीच ग्राम मोहड़ नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुंचा था, जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, जहां कार में सवार 7-8 लोग उतरकर ग्रामीणों से मारपीट करते फायरिंग किए हैं। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट, मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना में लिया गया है।



## मामले में पूर्व में आठ आरोपी पकड़े गए

इस मामले में पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने दिल्ली, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना आदि जगहों में दबिश दी जा रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवती निषाद, संजय रजक 48 वर्ष निवासी मोहड़ जिला राजनांदगांव, अभिनव तिवारी 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव, अतुल सिंह तोमर 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर मप्र, जितेन्द्र नारौलिया 30 साल निवासी सिंगपुर रोड देसाई नगर मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर मप्र, अमन सिंह परिहार 27 साल निवासी विजय नगर कॉलोनी आमखो लक्सर ग्वालियर जिला ग्वालियर मप्र, अभय सिंह तोमर 20 साल निवासी ग्राम घनैता थाना इंडोरी तहसील गोहद जिला भिंड मप्र हाल पता गायत्री विहार कॉलोनी पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर मप्र, कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस 24 साल निवासी डीडी नगर शताब्दीपुरम थाना महराजपुर जिला ग्वालियर म.प्र. को ग्वालियर भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया है।

### संजय सहित अन्य की सरगर्मी से तलाश

पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि प्रकरण के विवेचना के दौरान अन्य फरार आरोपी की पतासाजी गठित टीम द्वारा की जा रही थी। घटना में संलिप्त आरोपी से फल्ली उर्फ मनू उर्फ मनोज सिकरवार 25 साल निवासी ग्राम खिडौरा, थाना चिन्नौनी जिला मुरैना मप्र को ग्वालियर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया एवं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार आई-20 जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले से संबंधित संजय सिंह बघेल व अन्य की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू उपस्थित थे।

---

# कई सालों से अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों को भेजा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत राजनांदगांव जिले से भी 13 लोगों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस महकमे द्वारा इन 13 लोगों को मंगलवार के दिन पहले राजधानी भेजा गया, जहां प्रदेशभर से पकड़े गए अन्य लोगों के साथ सभी को कोलकाता के रास्ते बार्डर पर भेजा गया है। बड़ी बात यह है कि पुलिस द्वारा पकड़े गए 13 लोगों में से कई सालों पहले से शहर में रह रहे थे। अधिकांश ने आधार, वोटर आईडी जैसे दस्तावेज भी बनवा रखे थे।

हालांकि इस मामले में पुलिस महकमा कुछ भी जानकारी देने से बचता नजर आ रहा है। हर छोटी-बड़ी उपलब्धियों पर प्रेसवार्ता लेकर जानकारी देने वाला पुलिस विभाग इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत पकड़े गए लोगों की पहचान तक नहीं बता रहा है। गृह मंत्रालय का हवाला देकर अफसर कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब पुलिस महकमा जानकारी छुपाएगा तो लोगों को कैसे पता चलेगा कि कौन से लोग उनके शहर में अवैध तरीके से रह रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन 13 में से कुछ लोग चोरी के आरोप में भी गिरफ्तार हैं।



### रात के अंधेरे में भेजे गए रायपुर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस इस मामले को लेकर इस कदर गोपनीयता बनाए हुए हैं कि जिन 13 लोगों को बांग्लादेशी बताकर पकड़ा गया था, उन्हें वापस भेजने के लिए रायपुर तक रात के अंधेरे में छोड़ा गया। बताया गया कि सभी लोगों को रायपुर पहुंचाने तक की जिम्मेदारी जिला पुलिस को दी गई थी। वहां से आगे की कार्रवाई राज्य स्तर पर गठित एक विशेष टीम द्वारा की गई।

### बंगाल से आए कारीगरों की जांच

पुलिस महकमा अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान के लिए पिछले कई महीनों से अभियान चला रहा था। इस कार्रवाई के दौरान ही शहर में बाहरी प्रदेश से आकर कारीगरी का काम करने वाले लोगों को भी थाना बुलाया गया था। बताया गया कि खासकर पश्चिम बंगाल से आकर शहर में काम कर रहे लोगों को बुलाकर उनके दस्तावेजों की जांच की गई थी।

### आंकड़े स्पष्ट नहीं कर रहा पुलिस विभाग

प्रदेश में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की बातें गृहमंत्री कह चुके हैं। उन्होंने बकायदा हर जिले में एसटीएफ गठन करने की बात भी कही थी। हालांकि पुलिस महकमे द्वारा आंकड़े एवं पहचान छुपाने को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में विपक्षी दलों द्वारा भी कई तरह के सवाल उठाए जा सकते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराता युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव। चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले



में पुलिस ने आरोपी के गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत 14 जुलाई को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे शांतिनगर में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहे आरोपी शुभम यादव 23 साल साकिन रमन बाजार चौकी चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार स्टील का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया।

---

# अश्लील वीडियो किया था अपलोड, आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने के आरोपी को गिरफ्तार कर डोंगरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीपीडब्ल्यूसी योजनांतर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किए जा रहे अपराधों पर नजर रखकर सायबर टीप रिपोर्ट जांच हेतु संबंधित राज्य एवं जिला व थाना को वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

### फरार था आरोपी

ऐसे ही सायबर टीप थाना डोंगरगढ़ को प्राप्त होने पर सायबर टीप जांच पर से आरोपी नीरज शर्मा 37 साल निवासी बधियाटोला डोंगरगढ़ द्वारा अपने फेसबुक एकाउंट में महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करना पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा- 67-बी आईटी एक्ट एवं 12 पॉक्सो का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी कायमी दिनांक से लगातार फरार था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

---

# जिले का बॉर्डर क्रॉस कर बस्तर की ओर आगे बढ़ा दंतैल हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में वन्यजीवों की लगातार बढ़ती गतिविधियों के बीच शनिवार देर रात मानपुर विकासखंड के कोहका थाना अंतर्गत आमाकोड़ो जंगल में एक जंगली दंतैल हाथी के महाराष्ट्र की ओर से प्रवेश हुआ था जो रातों-रात जिले का बॉर्डर क्रॉस कर बस्तर कांकेर जिले की ओर आगे बढ़ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दतैल हाथी महाराष्ट्र की ओर से जंगल पार करते हुए छत्तीसगढ़ के मानपुर आमाकोड़ो क्षेत्र में दाखिल हुआ था। कच्चे रास्ते पर मिले ताजे पगचिन्ह और मल (लीद) ने उसकी उपस्थिति की पुष्टि की है। जिला वन अधिकारी डीएफओ दिनेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथी की हर गतिविधि पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए है और लगातार उसकी लोकेशन ट्रैक की जा रही है। बताया गया की 2 दिन तक मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में रहने के बाद हाथी कांकेर तथा बालोद जिला के बीच घनघोर जंगल के ओर आगे बढ गया है। वन विभाग की तरफ से ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

### वनों में बढ़ रही वन्य जीवों की मौजूदगी



फाईल फोटो

डीएफओ दिनेश पटेल ने कहा कि, जिले के वन क्षेत्रों में बेहतर वातावरण बन रहा है, जिससे वन्यजीवों की आमद भी बढ़ रही है। यह पारिस्थिति के लिए शुभ संकेत है, लेकिन जरूरी है कि इंसानों और वन्य प्राणियों के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहे।

### एक रात पहले आया था तेंदुआ

वन्यजीवों की यह हलचल लगातार दूसरी रात दर्ज की गई है। शुक्रवार रात को जिले के उत्तरी भाग अंबागढ़चौकी स्थित ग्राम आटरा में एक तेंदुआ देखा गया था, जो कुछ घंटों बाद वापस जंगल की ओर लौट गया। और अब शनिवार देर रात मानपुर के जंगल में जंगली हाथी की मौजूदगी से वन विभाग फिर से सतर्क हो गया है।

---

# तेज रफ्तार दो मोटर साइकिल में टक्कर, हादसे में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



छुईखदान-गंड़ई के मध्य बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीते एक सप्ताह में चार लोग अपनी जान गंवा बैठे हैं। सड़क अतरिया में सोमवार शाम को दो मोटर साइकिल के आमने-सामने टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई तथा एक युवक की हालत नाजुक बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जोम निवासी हरिहर वर्मा सोमवार शाम को अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-08-जी-3363 से छुईखदान की ओर जा रहा था, तभी लगभग साढ़े 6 बजे वह सड़क अतरिया के भाटापारा मोहल्ला में पहुंचा ही था कि मोपेड़ क्रमांक सीजी-08-अज-3091 सवार धनऊराम गड़रिया को जोरदार ठोकर मार दिया। दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर इतना जोरदार था कि दोनों वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह परखच्चा उड़ गयाऔर दोनों वाहन सवार दूर जा गिरे। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना तत्काल 112 को दिया। कुछ देर बाद 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आई, जहां से जानकारी मिली कि दोनों घायलों के हाथ-पैर फेक्चर तथा सिर पर गंभीर चोंट लगे होने के कारण प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार धनऊराम गड़रिया 52 वर्ष की मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान ही मौत हो गई। जबकी दूसरा युवक को उपचार के लिए कवर्धा ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताया गया।

---

# नौकरी के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया भगवती साहू 52 साल निवासी भोरमपुरखुर्द ने 14 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका परिचय यतीश सिन्हा पिता महेश सिन्हा के साथ है। जिसका इनके घर आना-जाना है। इसी दौरान यतीश सिन्हा ने प्रार्थिया भगवती साहू को बोला कि वह शिक्षा विभाग में कई लोगों का नौकरी लगा चुका है। तुम्हारा बेटा टिकेंद्र साहू का भी नौकरी लगा दूंगा, इसके लिए 1000000 रुपए देना पड़ेगा। इसके बाद यतीश सिन्हा हर दूसरे-तीसरे दिन प्रार्थिया के घर आकर नौकरी लगाने



की बात बोलकर पैसे के लिए बोलता था। जिससे प्रार्थिया भागवती साहू आरोपी यतीश सिन्हा की बातों में आ गई और सात लाख में बात पक्का हुआ। आरोपी यतीश सिन्हा प्रार्थिया को विश्वास में लेकर उनके पुत्र टिकेंद्र साहू को नौकरी लगाने के नाम पर तीन किस्तों में 690000 रुपए घर में आकर नगद ले लिया ।

### पैसे के एवज में दिए चेक, हुआ बाउंस

इसके बाद यतीश सिन्हा द्वारा पैसे के एवज में 14 मई को 70000 रुपए बैंक का चेक दिया व 25 मई को 350000 रुपए का चेक प्रार्थिया के दमाद राजेश कुमार साहू के नाम पर दिया तथा 16 जून को 90000 रुपए का तीसरा चेक को उनके पुत्र टिकेंद्र साहू के नाम से दिया, जो तीनों चेक बाउंस हो गया। यतीश सिन्हा द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 690000 रुपए का धोखाधड़ी किया है कि रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर प्रकरण का बारीकी से अनुसंधान कर त्वरित कार्रवाई करते आरोपी यतीश सिन्हा को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा
• माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

जैन मोटर्स
खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी
हमारी टीम से जुड़िए
सेल्समेन
• गंडई - 3
• खैरागढ़ - 3
• अंबागढ़ चौकी - 3
मैकेनिक / टेक्नीशियन
• मानपुर - 2
• अंबागढ़ चौकी - 2
कम्प्यूटर ऑपरेटर
• राजनांदगांव - 3
आवेदन के लिए तुरंत संपर्क करें
अधिकृत विक्रेता John Deere India Pvt. Ltd.
9977184777,8120006476
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई

## खबर संक्षेप

### छात्रावास एवं पंचायत भवन में पौधरोपण

**सड़क अतरिया।** समुंदपानी के बालक छात्रावास एवं ग्राम पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि तहसील गोंड समाज के अध्यक्ष निजाम सिंह मंडावी शामिल हुए।



उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छ पर्यावरण का महत्व बताया। इस दौरान किसान मोर्चा अध्यक्ष संतोष यादव, सरपंच भारत यादव, चिंताराम मेरावी, बैगा समाज के जिला अध्यक्ष जीवन मेरावी, पूर्व सरपंच अमरसिंह मरकाम, मिलाप पटेल, खेमराज, गणेशलाल, अनुसुईया बाई, प्रधानपाठक मोहनलाल जंघेल, परदेशी पोर्ते, मिलाप पटेल, सरजुराम, भुनेश्वर ठाकरे, नसीबराम, ओमकार यादव आदि उपस्थित थे।

### अखंड ज्योति रथ का कोकपुर में स्वागत

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज से निकली अखंड ज्योति रथ यात्रा बस्तर का भ्रमण करते हुए विगत दिनों छुरिया पहुंची थी। 10 दिनों तक भ्रमण करने के बाद सोमवार को रथ यात्रा के कोकपुर पहुंचने पर गायत्री परिजनों एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत वंदन किया।



यहां से अखंड ज्योति रथ आसरा, अडाम, तेंदूनाला, उरईडबरी, विचारपुर नवागांव होते हुए सांगिनकछार पहुंचा जहां ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान दीप यज्ञ किया गया। प्रारंभ में नीलिमा सिन्हा ने भजन प्रस्तुत किया।तत्पश्चात जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने गजेंद्र मोक्ष कथा का वाचन करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान केवल परमात्मा के चरणों में है। समाधान के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। बालकृष्ण सिन्हा के भजन प्रस्तुति के बाद वैदिक मंत्रों से दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से आहूति समर्पित कर अखंड ज्योति की आरती की गई। अंत में साहित्य एवं प्रसाद वितरण किया गया। अखंड ज्योति रथ आगामी 21 जुलाई तक ब्लाक का भ्रमण करेगा।

### जवानों ने किया कॉलेज में पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की भावना के साथ आईटीबीपी ने 14 जुलाई को नेहरू महाविद्यालय में कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान विनोद कुमार के नेतृत्व में सहायक सेनानी अजय सिंह, प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती की उपस्थिति में पौधरोपण किया।



इस अवसर पर महाविद्यालय में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आईटीबीपी के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट शामिल हुए। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती ग्राम कटेमा में पौधरोपण किया गया। यह कार्यकम एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत रखा गया। कटेमा गांव और विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। सहायक सेनानी राकेश यादव ने ग्रामवासीयों को पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### भाजपा नेता का बयान हास्याप्रद

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा एवं मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने भाजपा नेता के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने रोड की मांग को लेकर किए गए चक्काजाम कोनौटंकी बताया था।



श्री सिन्हा और श्री साहू ने कहा है कि आगमन के लिए रोड, बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल, किसानों को खाद दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि रोड की मांग करना नौटंकी हैं तो क्या वह गांव गांव में दारू भट्टी खोलना उचित मानते हैं? स्कूल बंद होने और किसानों को खाद नहीं मिलने के बाद भी भाजपा के लोग आंख बंद कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ढारा से मुढ़ीपार, ढारा से बढ़ईटोला, घोटिया से कोहकट्टाटोला बरनारा रोड, मेन रोड से छपारा, मोहारा से सुकुलदैहान, उदरीछापर से लछना, घोटिया से कन्हारगांव, कन्हारगाव से करवारी, मेन रोड से कातलवाही तक रोड मानसून सत्र में स्वीकृत नहीं किया गया जन सहयोग से कांग्रेस घेराव एवं चक्काजाम आंदोलन करेगी।

### प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सुदीप

**छुईखदान।** छुईखदान प्रेस क्लब का गत दिनों गठन किया गया। नगर के पत्रकार सुदीप श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। दीपक देशमुख को सचिव और शैलेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है।



कोषाध्यक्ष संदीप महोबिया, दीनदयाल यदु सहसचिव तथा विक्रम सिंह ठाकुर को संगठन सचिव बनाया गया है। वर्षों से संचालित प्रेस क्लब वर्षों के अध्यक्ष नीलम वैष्णव का कार्यकाल पूरा होने के बाद बीते माह बैठक किया गया। बैठक में 15 सदस्य बनाए गए। स्थानीय विश्राम गृह में प्रेस क्लब के गठन को लेकर बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से सुदीप श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया। श्री श्रीवास्तव की पहचान क्षेत्र में जुझारू पत्रकार के रूप में है। वह 20 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हैं।चुनाव के बाद श्री श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पत्रकारों का मिलकर एक साथ मिलकर चलने का आग्रह किया। बैठक में जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान, नीलम वैष्णव, संजय शर्मा, दीपक जैन, अनिल यादव को संरक्षक बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह, देवेश सोनी, करणसिंह ठाकुर,अंकित महोबिया हैं।

### नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण पूरा

**खैरागढ़।** ब्लाक के बल्देवपुर जोन में सत्र 25 में कक्षा पहली से तीसरी तक नवीन पाठ्यक्रम और दो नई पाठ्यपुस्तकों के क्रियान्वयन को लेकर एफएलएन पर आधारित पांच दिवसीय ऑनलाइन जोन स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। डाइट के प्रभारी प्राचार्य सुनील शर्मा के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत, एपीसी आत्माराम साहू और बीआरसी सुजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बल्देवपुर जोन के 13 संकुलो के 186 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में बीआरजी व ब्लॉक मास्टर ट्रेनर के रूप में कट्टहा नवागॉव प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक रामलाल साहू ने प्रमुख भूमिका निभाई। साथ ही सीएसी बैनदास साहू, अन्नपूर्णा यादव, डीआरजी दूजराम साहू, अरुण कोसे, बलिराम वर्मा और राघवेन्द्र वर्मा ने प्रशिक्षण शिविर मे मौजूद शिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शन दिया। कक्षा में शिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित शिविर मे शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम की समझ, एफएलएन की लक्षित दक्षताओं व शिक्षण विधियों पर शिविर मे विसतार से जानकारी दी गई।

# प्रदीप मिश्रा का बेटा 17 से सुनाएगा शिव महापुराण की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दो लोटा जल से समस्याओं का हल बताने वाले प्रसिद्ध कथावचक प्रदीप मिश्रा के पुत्र राघव मिश्रा राज्य में पहली बार कथावाचन करने आ रहे है। श्री मिश्रा सावन के मौके पर आगामी 17 से 23 जुलाई तक श्री शिव महापुराण कथा का वाचन नगर में करेंगे। वृहद आयोजन के लिए 40 हजार वर्गफुट का पंडाल बनाया जा रहा है जिसमे करीब 15 हजार श्रद्धालु बैठकर कथा सुन सकेंगे।



जानकारी के अनुसार सिहोर के कथावाचक प्रदीप मिश्रा के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र राघव मिश्रा भी शिव पुराण कथा का वाचन करने लगे है। वह अब तक मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में करीब 10 जगहों पर कथावचन करने के बाद पहली छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आ रहे है। श्री मिश्रा वन विभाग की नर्सरी के मैदान में 17 से 23 जुलाई तक कथावाचन करेंगे।

### पार्किंग सहित अन्य सुविधा का पुख्ता इंतजाम

श्री रामटेके ने बताया कि वृहद आयोजन को लेकर पार्किंग सहित अन्य प्रबंध किया जा रहा है। चौकी, छुरिया की ओर से आने वाले वाहनों के लिए कृष्ण कुंज, गांधी पेट्रोल पम्प और मोहड़ स्कूल मैदान, राजनांदगांव, तुमड़ीबोड़ और खुज्जी की ओर से आने वाले वाहनों की जन सहयोग मैदान, किसान राईस मिल और कालेज मैदान में पार्किंग सुविधा रहेगी। पार्किंग से कथा स्स्थल तक 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए निःशुल्क ई रिक्शा सुविधा रहेगी। बुजुर्गों के लिए सामने बैठक व्यवस्था रहेगी।

### हर रोज होगा भंडारा का आयोजन

कृषि उपज मंडी परिसर में भंडारा का आयोजन रखा गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल सहित अन्य सुविधा का भी प्रबंध किया जा रहा है। श्री मिश्रा के पहली बार आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति से जुड़े सदस्य कार्यक्रम का यादगार बनाने के प्रयास में जुटे हैं।

### कलश यात्रा से शुरूआत

आयोजन समिति के प्रवीण रामटेके ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुवात आगामी 16 जुलाई को कलश यात्रा के साथ होगी। कलश इस साकेत धाम से निकलकर कथा स्थल पहुंचेगी। इस यात्रा में करीब 500 महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल होंगी।आगामी 17 से 23 जुलाई तक दोपहर एक से चार बजे तक कथावाचन होगा। कार्यक्रम के लिए नर्सरी मैदान में 40 हजार वर्गफुट का पंडाल सागर मध्यप्रदेश के लोग बना रहे है। पंडाल में ही करीब 60 फुट लंबा चौड़ा मंच बन रहा है जिसमें बैठकर श्री मिश्रा कथा का वाचन करेंगे।

## लाखों खर्च कर हाल ही में लगाया गया था लाईट

# लाइटें खराब, पंडरिया मार्ग पर अंधेरा होने से दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर में लाखों रुपए खर्च कर 100 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाया गया था जो अब मुख्य मार्गों को रोशन करने की बजाय अंधेरे में डूब गई हैं। पंडरिया से गंडई मार्ग पर लगी दर्जनों लाइटें या तो पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, या फिर अंतिम साँसें ले रही हैं, जिससे रात में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार स्ट्रीट लाइटों को लगाने के एक साल तक तो मार्ग को रौशन करते रही, लेकिन बीते कुछ महीनों से खराब होने लगीं। समय पर मरम्मत न होने के कारण लाइटे अब लगभग बंद हो चुकी हैं। जो लाइट जलती भी हैं, वह लगातार बंद-चालू होते रहती हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है।



### जल्द दुरूस्त किया जाएगा

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि कुछ समय पूर्व स्काई लिफ्ट मंगवा कर खराब लाइटों को मरम्मत और नई लाइटें लगाने के लिए पोल से उतरवाया गया था। जल्द ही पुनः स्काई लिफ्ट मंगवाकर स्ट्रीट लाइटों का सुधार कराया जाएगा।

### बरसात में बढ़ा खतरा

बरसात के दिनों में साँप और बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का डर बना रहता है। स्थानीय लोग रात्रि भोजन के बाद पंडरिया से गंडई मार्ग पर टहलने जाते हैं, लेकिन अँधेरे के कारण उन्हें जहरीले जीवों का खतरा सताते रहता है। सराफा व्यापारी प्रहलाद ताम्रकर ने बताया कि पंडरिया से गंडई मार्ग की लगभग 90 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की अपील की है।बता दे कि कुछ हफ्ते पहले नगर पंचायत गंडई ने कवर्धा से स्काई लिफ्ट मंगवाकर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत शुरू किया था, लेकिन दो से तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी प्रकाश व्यवस्था में सुधार नहीं जा सका है।

# मांगों की अनदेखी से नाराज किसान 17 को करेंगे प्रदर्शन

## सिक्सलेन रोड से बढ़ेगी किसानों की परेशानी



**अंजोरा।** हैदराबाद तक बन रही सिक्सलेन हाइवे के खिलाफ दुर्ग जिले के किसानों का गुस्सा फूटने लगा है।

ग्राम थनौद, अंजोरा, बिरेझर, चंगोरी के ग्रामीण बड़े आंदोलन की तैयारी में है। काम रोकने और अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण पर्चा बांट रहे हैं वहीं गांवों में लाउडस्पीकर के माध्यम से आंदोलन का प्रचार किया जा रहा है।

इस ऐलान के बाद पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया है वहीं प्रशासनिक हल-चल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार आगामी 17 जुलाई को ग्राम थनौद के मिनीमाता उद्यान राजा तालाब के पास ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे।

### किसानों को होगी परेशानी

पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन हरमुख ने कहा कि पुल की हाइट कम होने से आवाजही में दिक्कत होने लगी है। अनिल देवांगन ने कहा कि अंतिम छोर पर 600 मीटर कॉलम सिस्टम से रोड बनना चाहिए ताकि गांव बाढ़ से ज्यादा प्रभावित न हो। कॉलम सिस्टम से रोड नहीं बनी तो बाढ़ में डूब कर फसले चौपट हो जाएगी। किसान फसले नहीं ले पाएंगे। किसानों को कृषि यंत्रों को लाने ले जाने में असुविधा होगी। जनपद के पूर्व सभापति हरेंद्र देव ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए किसानों ने जमीन दिया है जिसका मुआवजा मिला है किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि किसानों को नुकसान पहुंचा कर रोड निर्माण किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने सही एस्टीमेट तैयार नहीं किया है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रोड निर्माण से किसान तबाह हो जाएंगे।

# मोर्चा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई का किया स्वागत

■ भ्रष्टाचार खत्म करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश भाजयुमो की कार्यसमिति के सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए बहुचर्चित आबकारी घोटाले में 19 अधिकारियों को निलंबित करने की कार्यवाही का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह वही महाघोटाला है जिसमें तत्कालीन मंत्री कवासी लखमा जेल में हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है। यह सरकार हर उस अधिकारी या नेता को कठघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसने राज्य की संपत्ति को लूटा। सरकार के फैसले का पन्ना मांडवी, महेश नारकर, मानसिंह नेताम, किशन सिलोटिया, अर्जुन महोबिया, कौशल चंदेल, सोहेब रज़ा, मोहित जंघेल, विश्वनाथ चंद्राकर, सोम यादव सहित अन्य ने भी स्वागत किया है।



# मोदी की गारंटी लागू करवाने रैली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लाक इकाई ने प्रांतीय आह्वान पर मोदी की गारंटी लागू करने नोटिस दिया है। इस संबंध में आयोजित बैठक के प्रारंभ में मंगीखूटा के प्रधान पाठक शैलेन्द्र मेश्राम को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में प्रथम चरण में कल 16 जुलाई को रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने कर्मचारियों से मोदी की गारंटी के तहत कई वादा था जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। वादाखिलाफी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आंदोलन का ऐलान किया है। फेडरेशन के संयोजक भेलसिंह वर्मा, महासचिव योगेश चौरे, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को ब्लाक मुख्यालय में वादा निभाओ रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया तो आगामी 22 अगस्त को कर्मचारी अधिकारी सामूहिक अवकाश में कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे।



### यह मांगे हैं लंबित

पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था। जिसमे सरकार बनने पर शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए, डीआर, लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में जमा करने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, लिपिकों, सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण का वादा किया गया था। फेडरेशन ने सभी संघों के अध्यक्ष सचिव एवं पदाधिकारी से सदस्यों के साथ रैली में शामिल होने का आव्हान किया है।

## सोमनी के मेधावी बच्चे सम्मानित



**सोमनी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में उत्कृष्टता सम्मान समारोह में सोमनी हायर सेकंडरी स्कूल के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया।राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, डॉ एसके मित्र शामिल हुए। स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला तीन विद्यार्थियो ने शिक्षक श्वेता रामटेके के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया । शोधकार्य के लिए ब्रजेश कुमार, नीलकंठ प्रजापति एवं चित्रकला के लिए रोशन देवांगन को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य ईश्वरी कोर्राम, सरपंच, शाला विकास समिति के पदाधिकारियों एवं स्टाफ ने बधाई दी है।

## 15वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में बी डिवीजन की चैम्पियन बनकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटियों का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नेतृत्व तथा जिला हॉकी संघ के सह-सचिव प्रिंस भाटिया और महेंद्र सिंह ठाकुर की प्रमुख उपस्थिति में किया गया।

यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप हॉकी झारखंड द्वारा हॉकी इंडिया के तत्वावधान में 3 जुलाई से झारखंड की राजधानी रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देशभर की 28 शीर्ष टीमें शामिल थी।



### खिलाड़ियों ने जीता पुरस्कार

सभी मैचो में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार भी छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने ही प्राप्त किए, जो प्रदेश की प्रतिभा और अनुशासन का परिचायक है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि इस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया के सेलेक्टर द्वारा चयनित कर भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

### प्रतिनिधित्व करने वाली विजेता खिलाड़ी

गोलकीपर नौरीन हयात, विशाखा, डिफेंडर केसर साहू, अंजलि एक्का, जिज्ञासा कश्यप, मिडफील्डर सुधा साहू, श्यामली राय, सरिता मौर्य, स्मिता कुजूर, सोनाक्षी यादव, अजमत प्रवीन, स्ट्राइकर ट्विंकल प्रजा, दुबी रावत, मनप्रीत कौर, काव्या सिंह ठाकुर, रश्मि निषाद, संजना, रिया खालको, मुख्य कोच मृणाल चौबे, सहायक कोच दीपेश चौबे व टीम मैनेजर सुप्रिया तिग्गा शामिल रहे।

# अच्छी फसल के लिए चौखा पाठ में हनुमान जी की पूजा



■ जंगल के बीच सालों से हो रहा यह आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पंडरिया के वार्ड एक से पांच के किसानों ने पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए सावन के पहले मंगलवार को जंगल के अंदर स्थित चौखा पाठ में भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना का आयोजन किया।

पूजा का आयोजन अच्छी फसल और परेशानियों को दूर करने के लिए किया गया था। किसान समिति के संरक्षक युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने पूजा-अर्चना कर किसानों की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। घने जंगल के बीच बहती नदी के पास चौखा पाठ है जिसे अरज खोदरा भी कहा जाता है। यहां भगवान हनुमान की पूजा की जाती है। इस कार्यक्रम में पंडरिया के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूर्व पार्षद प्यारेलाल पटेल ने बताया कि चौखा पाठ एक ऐसा स्थान है जहाँ हमेशा पानी रहता है। यहाँ वर्षों से पूजा का आयोजन होता है।

किसानों की इस जगह के प्रति अटूट श्रद्धा है। इस मौके पर अनिल नामदेव, समिति के अध्यक्ष जेठू साहू, लेखा सोनी, संतोष सिन्हा, बाबा यादव, कामदार पटेल, गजराज यादव, राजकुमार पटेल, सुखीलाल पटेल, नाथू निषाद, झल्लू सिन्हा, जीवराखन पटेल, मायाराम पटेल, बिसाहू साहू, प्रकाश ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अशोक पटेल सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान किसानों ने दो पौधों का रोपण किया।

## सार समाचार

### कॉलेज में मनाया गुरू पूर्णिमा उत्सव



**राजनांदगांव।** कान्फ्लूएंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने गुरु के प्रति आभार व्यक्त करते उनकी बुद्धि का सम्मान किया और व्यास पूर्णिमा और व्यास जयंती के रूप में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। आयोजन के मुख्य वक्ता डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन ने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते कहा कि गुरू को सबसे ऊपर माना जाता है, जो अंधकार को प्रकाश में बदलने की शक्ति रखता है और छात्रों को भी हमेशा सकारात्मक विचार तथा सोच रखकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे कोई भी कार्य असंभव नहीं होगा। प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि आज का यह आयोजन गुरु पूर्णिमा के महत्व केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी अत्यंत विशिष्ट है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि यह माना जाता है कि अच्छे-बुरे संस्कारों धर्म-अधर्म आदि का ज्ञान पूरे विश्व में गुरु के द्वारा ही अपने शिष्यों को दिया जाता है। इसी उद्देश्य से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जा रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्वयं सेवकों द्वारा गौरी पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिक्षकों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। आयोजन में प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, देविका देवांगन, विजय मानिकपुरी, दिव्या श्रीवास्तव एवं टोकेश्वरी देवांगन आदि का सम्मान श्रीफल के साथ किया गया।

### प्राधिकृत अधिकारी गुप्ता का स्वागत



**राजनांदगांव।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में छग राज्य सहकारी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के प्रथम आगमन में बैंक परिवार द्वारा स्वागत किया गया। श्री गुप्ता द्वारा सहकारी बैंक एवं समितियों द्वारा केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम समितियों के कंप्यूटरीकरण पर ज़ोर देते निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही बैंक द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, संचालक सदस्य शशिकांत द्विवेदी, राधेलाल साहू, अरुण साहू, श्रीचंद्र वैसी, लक्ष्मी चंद्राकर तथा बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा एवं चारों जिले के शाखा प्रबंधक तथा प्रधान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक में मिला गांजा, आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** दुर्घटना में घायल हुए युवक के बाइक की डिक्की में अवैध रूप से रखे गांजा मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 12 जुलाई को राहगीर से सूचना मिली कि ग्राम तिलई मेन रोड तालाब के पास एक व्यक्ति मोटर साइकिल से एक्सीडेंट होने से घायल होकर रोड किनारे पर गिरा है, जिस पर मौके पर पुलिस टीम रवाना किया गया था, जहां एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा था। नाम-पता पूछने पर अपना नाम दीपक पटेल 47 साल साकिन भटगांव थाना घुमका जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया, जो अपनी मोटर साइकिल में अकेले राजनांदगांव से घर जा रहा था कि ग्राम तिलई में ब्रेकर में मोटर साइकिल अनियंत्रित होने के कारण गिरना, चोंट आना बताया। जिसके सिर, पैर एवं कंधा में गंभीर रूप से चोंट आने के कारण और अन्य कोई बात नहीं बता पाने से तत्काल ईलाज हेतु डायल-112 से अस्पताल रवाना किया गया।

**नौ सौ ग्राम था गांजा :** घटनास्थल में क्षतिग्रस्त हालात में मिले मोटर साइकिल के खुले हुए डिक्की में कुछ खुला एक भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ पैकेट दिखा, जिसे चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा होना पाए जाने पर बरामद कर पंचनामा तैयार कर तौल करने पर मादक पदार्थ गांजा 900 ग्राम मिला। पुलिस ने गांजा और मोटर साइकिल जब्त कर मोटर साइकिल चालक दीपक पटेल के विरुद्ध धारा 20(बी)2(ए) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### सीईओ ने पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण




**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने शासकीय पशु चिकित्सालय राजनांदगांव का निरीक्षण किया। सीईओ ने पशु स्वास्थ्य एवं उपचार के संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें राजनांदगांव एवं चिकित्सालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा की। चिकित्सालय परिसर में पशुओं के शल्यक्रिया के लिए पर्याप्त सुविधा प्रदाय करने निर्देशित किया गया। चिकित्सालय में पदस्थ समस्त स्टाफ को समय पर पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पशुओं के समुचित तरीके से उपचार करने कहा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें को पशु चिकित्सालय परिसर में बने शल्यक्रिया कक्ष को चिकित्सकों की सुविधा अनुसार सुधार करने निर्देशित किया गया।

### अध्यक्ष बैद ने किया जिला कार्यकारिणी का विस्तार

# चेंबर की कार्यकारिणी गठित, अरूण महामंत्री और शिव बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव







चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद ने आज चेंबर आफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, खूबचंद पारख एवं बलदेव सिंह भाटिया की सहमति पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स जिला राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसके अनुसार महामंत्री अरूण डुलानी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल बनाए गए।

संरक्षक के रूप में बहादुर अली, सुरेश डुलानी, संतोष अग्रवाल, मार्गदर्शक मंडल के रूप में हंसमुख भाई रायचा, कोमल सिंह राजपूत, सुनील अग्रवाल, राजेश माखीजा, विजय हरिहारनो, रमेश जैन, मंसाराम मोटलानी, सौरभ कोठारी, ओमप्रकाश कांकरिया को जवाबदारी दी गई। प्रमुख सलाहकारों में पुरषोत्तम गांधी, रूपचंद भीमनानी, बलबीर बग्गा, विनोद बोहरा, रामकुमार गुप्ता, संतोष सावा, राजेश खंडेलवाल, अशोक मोदी, मूलचंद भंसाली, भागचंद जैन, अशोक तेजवानी, सुनील बरडिया, रईस अहमद शकील, नरेश बावरिया, अतुल जैन, ज्ञानचंद नवलखा बनाए गए।

**उपाध्यक्षः** आशीष अग्रवाल, राजेश बागड़ी, संजय चौपड़ा, रितेश लाल, हर्ष चितलांग्या, संजय तेजवानी, राजकुमार बाफना, राजेश जैन रानू भाई, मंत्री दीपक नवलखा, हरीश मोटलानी, विजय कांकरिया, ललित भंसाली, कृणाल शर्मा, दीपक लहरवानी नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य दशरथ प्रसाद शर्मा, नथमल कोटडिया, गौरव पारख, अजय कोटडिया, जेठा भाई पटेल, अजीत जैन, जितेश पटेल, लोकेश अग्रवाल, गणेश ओस्तवाल, सुलभ अग्रवाल, जयेश परमार, दौलत रामचंदानी, कमलेश उभरानी, विजय ललवानी, रमेश कुमार बजाज, ललित सुनीत, शेख मोहम्मद, पवन पटेल, हरमेल सिंह जज, चंकी अग्रवाल, दिलीप वाधवानी, नवीन गुप्ता, रणदीप भाटिया, प्रतीक कांकरिया, अशोक पारख, विनय जैन, सुधा पवार, मंजू रानी साहू बनाए गए।

चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने चेम्बर की इस नई इकाई को बधाई देते कहा कि समस्त व्यापार जगत को आशा है कि यह टीम शहर के व्यापारिक हितों की रक्षा और प्रगति हेतु सदैव तत्पर रहेगी।

#### सुरेन्द्र बन्नोआना बने डोंगरगढ़ के प्रतिनिधि

डोंगरगढ़ प्रतिनिधि के रूप में सुरेंद्र बन्नोआना, मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, खैरागढ़ प्रतिनिधि के रूप में गुलाब चोपड़ा, व्यापारी मोटवानी, नरेंद्र जैन बोथरा, गंडई प्रतिनिधि रावल कोचर, छुरिया प्रतिनिधि सतवंत सिंह भाटिया, भूपेश कुमार जैन (राखेचा), डोंगरगांव प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, राजीव गांधी, बांधाबाजार प्रतिनिधि हरिओम गुप्ता, मोहल्ला प्रतिनिधि मदन साहू, अजय जैन, मानपुर प्रतिनिधि ओमप्रकाश चांडक, दीपेश जैन बनाए गए।

#### उत्तम को सदस्यता का प्रभार

सदस्यता अभियान प्रभारी उत्तम चौरडिया, सुनील कोटड़िया, सोशल मीडिया प्रभारी सुखविंदर भाटिया, राजीव जैन, सह कोषाध्यक्ष राहुल बोहरा बनाए गए। प्रशासनिक प्रभारी राजेंद्र बाफना, नीरज कोटडिया, कार्यक्रम प्रभारी उत्तमचंद गिडिया नियुक्त किए गए हैं।

### साहित्यकारों ने पद्मश्री दुबे को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** देश के प्रख्यात कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के रायपुर में आयोजित श्रद्धा नमन कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में कवि साहित्यकार शामिल हुए और उन्हें याद करते भावपूरित श्रद्धा -नमन किया गया। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा के नेतृत्व में रायपुर के सालासर बालाजी धाम में आयोजित कार्यक्रम में कवि/साहित्यकारों के बीच पूर्व सांसद सिंह ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साहित्यकार रामेश्वर वैष्णव ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को छत्तीसगढ़ी में श्रद्धा-नमन करते कहा कि दुबे को सर्वप्रथम 1982 में साहित्य नगरी राजनांदगांव के ग्राम तुमड़ीबोड में संत कवि पवन दीवान, लक्ष्मण मस्तुरिहा, मुकुंद कौशल आदि वरिष्ठ कवियों द्वारा सर्वप्रथम मंच उपलब्ध कराया गया। रंगकर्मी विजय मिश्रा अमित ने बताया कि राजनांदगांव दशहरा उत्सव समिति के भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन उनके बिना पूरा नहीं होता था। साहित्यकार श्री कोशा, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने भी अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। सभी को हंसाने वाला यह महान कवि आज हमें रूलाकर चला गया। उनका आकस्मिक निधन राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम पश्चात श्री कोशा सहित कथाकार मानसिंह, कवि लखनलाल साहू, पवन यादव आदि अन्य रचनाधर्मियों के साथ आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम अधिशासी महेंद्र साहू से सौजन्य भेंट। उक्त जानकारी मानसिंह मौलिक ने दी।

## अनियंत्रित कार की ठोकर से दो पहिया वाहन सवार गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मंगलवार की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे सड़क अतरिया नर्मदा के मध्य स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक कार और मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर से एक युवक को गंभीर चोंट लगी है। वहीं दो पहिया वाहन का परखच्चा उड़ गया है। सड़क अतरिया के आसपास लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर ग्रामीण सहम गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जंगल बेलगांव के दो युवक भारत धुर्वे 22 वर्ष तथा देवव्रत नेताम 30 वर्ष अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-08-अएच-2097 में किसी काम से छुईखदान की ओर जा रहे हैं। रास्ते में पेट्रोल डलवाने सड़क अतरिया के पेट्रोल पंप में रूके तथा पेट्रोल डलवाकर पुनः छुईखदान जाने के लिए पंप से निकलकर सड़क पर पहुंचे ही थे कि खैरागढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार सीजी-08=अज 0860 ने जोरदार टक्कर मारकर सड़क किनारे पानी से भरे नाला में जा घुसा। कार की ठोकर से मोटर साइकिल का परखच्चा उड़ गया और वाहन सवार युवक गिरकर लहुलुहान हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को दुर्घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद पुलिस एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आई, जहां डॉ. प्रशांत सोनी ने बताया कि भारत का बायां पैर फैक्चर तथा सिर पर गंभीर चोट लगा था। स्थिति गंभीर थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है। वहीं देवव्रत के पैर में चोट आया है। जिसका उपचार जारी है। गंड़ई पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

#### पेड़ों की टहनियां दुर्घटना का बन रही कारण

मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हादसे के वक्त तेज बारिश हो रही थी। वही दूसरी ओर सड़क अतरिया नर्मदा के मध्य स्थित पेट्रोल पंप सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित है। सड़क के दोनों ओर घने पेड़ों की लंबी कतार है और सड़क पर पेड़ों की लटकती शाखाओं के कारण सड़क पर दौड रहे ज्यादातर वाहनों को मौके पर पेट्रोल पंप होने का अंदाजा नहीं रहता तथा पेट्रोल पंप से निकलने वाले वाहनों को सड़क पर आ रहे तेज रफ्तार वाहन पर समय रहते नजर नहीं पड पाता और ज्यादातर दुर्घटना का कारण इसे ही बताया जाता है। पेट्रोल पंप से पहले सड़क पर संकेतक भी नहीं लगा है। बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते अतरिया सरपंच प्रतिनिधि लोमश वैष्णव ने कहा कि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बेलगाम हो गया है। यातायात नियमों को दरकिनार करने की वजह से दुर्घटना बढ़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने पेड़ की शाखाओं को काटने तथा सभी डेंजर जोन में संकेतक लगाने का मांग कर रहे हैं।

## जुआ के तीन प्रकरण में 17 आरोपी पकड़ाए

**खैरागढ़।** शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। वहीं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बीते सप्ताह जिले में जुआ के तीन मामलों में 17 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 7 से 13 जुलाई तक जिले में पुलिस ने अभियान चलाकर 36(च)(1) के 10 प्रकरण, 36(सी) के 16 प्रकरण, 34(1)(ब) के 7 प्रकरण, 34 (2) के 2 प्रकरण में कुल 61 लीटर शराब। इसी प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 35 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की। इसी तरह थाना साल्हेवारा में सट्टा एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 1 आरोपी को 3 नग सट्टा-पट्टी, एक नग मोबाइल, नगदी रकम 3490 रुपए सहित गिरफ्तार किया गया। थाना छुईखदान में धारा - 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत 3 प्रकरणों में 52 पत्ती ताश खेलते 17 जुआरियों से 31070 रुपए जब्त किया गया। कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 29 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर कुल 5800 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। पुलिस के अनुसार थाना खैरागढ़ में क्रूरतापूर्वक व्यवहार कर मवेशियों को बिना चारा-पानी दिए वाहन में अवैध रूप से 4 नग मवेशी का परिवहन पाए जाने पर छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1), (डी), (ई)(एफ) एवं 50 (2)/177, 130/177 3/181 146/196, 66/192, एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 4 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जिले में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126,135(3) के तहत 3 प्रकरण में 3 व्यक्तियों पर कार्रवाई और धारा 126, 135(3) के तहत 37 प्रकरण में 64 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई।

#### मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई

आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिलेभर में 1 से 13 जुलाई तक 4 बालिकाओं को खोजा गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 274 प्रकरणों (माल वाहनों में यात्री परिवहन के 6 प्रकरण व शराब पीकर वाहन चलाने का 1 प्रकरण) सहित कुल 168700 रुपए का समन शुल्क वसूला गया एवं लाईसेंस निलंबन हेतु 8 प्रकरण न्यायालय प्रेषित किया गया। साथ ही 28 प्रकरणों में लाईसेंस निलंबन की कार्रवाई किया गया।




## कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 5 जुलाई को जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनभागीदारी समिति के संयोजक अनिल चंद्रवंशी ने पिछली बैठक के एजेंडा की कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें जनभागीदारी समिति में पदेन सदस्य की नियुक्ति, महाविद्यालय में निर्माण कार्य की स्थिति, जनभागीदारी फंड का आय-व्यय का व्यौरा, नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत नए सेटअप का निर्माण करना, महाविद्यालय में जनभागीदारी के तहत कार्य कर रहे कुशल एवं अकुशल श्रमिक के मानदेय में वृद्धि, जनभागीदारी फंड में आय का स्त्रोत बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के मैदान का उपयोग के एवज में प्रतिमाह एक निश्चित राशि संबंधित संस्था द्वारा दिए जाने के बारे में बताया गया।

प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के बारे में बताया। जिसमें महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू हो चुकी है। इसी के अनुरूप महाविद्यालय में नवीन पदों का सृजन, महाविद्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति, नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के आरंभ, विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त कक्ष निर्माण, महाविद्यालयीन बेबसाइट को अद्यतन करना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के उपरांत उपरोक्त सभी एजेंडा की महती आवश्यकता बताई, क्योंकि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ की सेवानिवृत्त या ट्रांसफर होने के उपरांत कर्मचारियों की संख्या कम होते जा रही है। जिसके कारण महाविद्यालय में कार्य संचालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहे है।

बैठक में समिति के सदस्य नमिताभ जैन, जैनम बैद, तरुण साहू, पंकज कुरंजरेकर, गीतेश गुप्ता, आशीष सूरे, कौशल शर्मा, सुरेंद्रपाल सिंह भाटिया, स्टाफ से डॉ. एएन मखीजा, गुणवंता दास खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसआर कन्नौजे ने किया।

#### समस्याओं से कराएंगे अवगत

बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्राचार्य द्वारा बताई गई एजेंडा को बैठक में उपस्थित सदस्यों के साथ सकारात्मक ढंग से पूर्ण करने पर प्रतिबद्धता दिखाई। महाविद्यालय में नवीन पदों का सृजन एवं रिक्त पदों पर अतिशीघ्र नियुक्ति के लिए शासन की प्रक्रिया अनुरूप अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों ने रायपुर जाकर मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग से मिलकर इस समस्या से अवगत कराकर उसको पूरा कराने की सदस्यों ने एकमत सहमति प्रदान की।

## सार समाचार

### तीरंदाजी बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** ईस्ट जोन सीबीएससी गेम्स 2025 के अंतर्गत नादिया, पश्चिम बंगाल में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में




रक्षित केंद्र राजनांदगांव के तीरंदाजी राह एकेडमी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते रोशन चौरसिया अंडर 17 रिकर्ब में गोल्ड, प्रयांश भारगव अंडर 17 इंडियन 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, द्रोण सोनवानी अंडर 17 रिकर्ब में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, श्रृष्टी अंडर 14 रिकर्ब में 1 गोल्ड, प्रणव पांडे अंडर 14 रिकर्ब में 3 सिल्वर, उपांशू राव अंडर 14 रिकर्ब 3 गोल्ड, अर्पिता वर्मा इंडियन अंडर 14 द्वारा 2 ब्राउन 12 गोल्ड, 6 सिल्वर, 2 ब्राउन अपने नाम किए।

इस अवसर पर 14 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने उन्हें अपने कार्यालय में सम्मानित किया गया और कहा कि यह सफलता क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना कर आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं रक्षित केन्द्र राजनांदगांव राह एकेडमी के कोच अजेन्द्र डांडेकर, वनिका साहू, हिरू साहू उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा


**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई



द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकली जाएगी। रविवार को समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने बताया कि इस वर्ष भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जमातपारा स्थित श्रीकृष्ण-राधा मंदिर सांहड़ा देव से भजन मंडली, बाजे-गाजे और राउत नृत्य के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झंकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न वार्डों में बैठक लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव, दुर्गेश यादव, कृष्णा यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, प्रमुख सलाहकार महेश यादव, सचिव पूनाराम यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

### 17 को पेंडरी आश्रम में दिव्य सत्संग-प्रवचन

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान स्थित सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य



सत्संग-प्रवचन भजन होगा। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब द्वारा अपने मुखारविंद से सारगर्भित दिव्य सत्संग श्रवण पान सभी भक्तों को कराया जाएगा। इस वर्ष भी चातुर्मास आयोजन समिति संरक्षक गुलाब वर्मा, अध्यक्ष नरबद वर्मा और सद्गुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, आश्रम के गादीपति मंहत श्री सेवा दास साहेब के संकल्पित विशेष सहयोग से यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी नेहा निरंजन साहू ने दी है।

### रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 बैनर का अनावरण

**राजनांदगांव।** तेरापंथ युवक परिषद राजनांदगांव द्वारा 5 जुलाई को श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के प.पू. पन्यास प्रवर श्री विनय कुशल मुनि जी



म.सा. आदि ठाना 73 के पावन सानिध्य में मनोज बैद अध्यक्ष सकल जैन श्री संघ राजनांदगांव, विनय डड्ढ़ा अध्यक्ष तेरापंथी सभा, राजेंद्र सुराणा निवर्तमान अध्यक्ष तेरापंथी सभा, फनेन्द्र बैद रक्त मित्र राजनांदगांव, नलिन कोठारी सहसचिव तेरापंथी सभा, आशीष सुराणा अध्यक्ष तेयुप राजनांदगांव, अंकुर कोठारी सचिव तेयुप राजनांदगांव के कर-कमलों द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के बैनर का अनावरण पूरे जोश के साथ स्थानीय जैन उपाश्रय में जनसमुदाय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैनर अनावरण में सभा सचिव महेंद्र सुराणा, महासभा सदस्य दीपक कोठारी, विजय कांकरिया, अजीत बोथरा, श्रीचंद कोचर, नरेश गोलछा व अन्य सदस्यगण व विशेष तेरापंथ महिला मंडल की भी उपस्थिति रही।

### दिप्ती का सब-इंजीनियर पद पर चयन

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर जिले के ग्राम भगवानटोला दिप्ती चौरे का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में सब-इंजीनियर के पद पर चयन होने पर



वनांचल में हर्ष व्याप्त है। दिप्ती प्रारंभ से होनहार विद्यार्थी रही है। वे अभी हाल में ही छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता पद हेतु आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण कर उप अभियंता के पद पर चयनित हुई है। दिप्ती की प्रारंभिक शिक्षा श्री गुरूनानक हायर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव से हुई है। इसके पश्चात वे युगांतर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट राजनांदगांव से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। दिप्ती के पिता पुरूषोत्तम आरक्षक के पद पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पदस्थ हैं। इसके साथ ही उनकी माता चंद्रिका एक गृहिणी है।

### सिंघोला पंचायत में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सिंघोला में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर हरियाली का संदेश दिया गया। गौठान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य खुशबू राकेश साहू एवं सरपंच मुकेश साहू सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि,



ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य खुशबू ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का वरदान है। वृक्षारोपण करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उनका संरक्षण भी। इस अवसर पर सरपंच मुकेश साहू ने कहा कि गौठान परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। इस अवसर पर पंचायत सचिव मनोज देवांगन, पंचगण रेणुका ठाकुर, टिकेश्वर, हेमलता चंद्राकर, गिरधारी धनकर, कोटवार विवेक जोशी, योगेश साहू, सदानंद, कुबेर साहू, भानबाई साहू, हर्षिता साहू, सीमा साहू, बुद्धदेव यादव, लक्ष्मी भांडेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

#### उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ ने मनाया रजत जयंती वर्ष महोत्सव

# समाज को संगठित कर चलना अपने आप में बड़ी बात है : केदारनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री उत्तर प्रदेश वैश्य संघ द्वारा शहर के अग्रहरि भवन में गुरु पूर्णिमा का पर्व भगवान श्री सत्यनारायण जी की पूजा कथा के आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स के चेयरमेन केदारनाथ गुप्ता थे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल व संतोष गुप्ता थे।

रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित इस गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम में श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ में सम्मिलित समाज श्री अग्रहरि वैश्य समाज, श्री कसौधन वैश्य समाज, श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज, श्री दोसर वैश्य समाज, श्री गहोई वैश्य समाज एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण जी की पूजा-अर्चना कर श्रीहरि कथा श्रवण किया गया। इस दौरान आगत अतिथियों का सम्मान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संघ की मातृशक्ति द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं द्वारा घर से सजाकर लाई गई आरती की थाल व छोटे बच्चों द्वारा मिट्टी के बनाए गए भगवान शिव एवं गणेशजी को पुरस्कृत किया।

आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन में सीएल गुप्ता, श्यामचरण अग्रहरि, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता अग्रहरि संरक्षक, सचिन बघेल ने अपने विचार व्यक्तव्य किए। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव शैलेष गुप्ता ने किया।



#### संगठित रहे समाज

मुख्य अतिथि उद्बोधन में केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छह समाज को संगठित करके उसे लेकर चलना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। राजेश गुप्ता द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया। श्री गुप्ता ने आगत समस्त सामाजिक बंधुओं को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं संघ द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

#### संस्थापक सदस्यों का सम्मान

संघ के संस्थापक सदस्यों में से संघ के वर्तमान अध्यक्ष के पिताजी स्व. जगन्नाथ गुप्ता दोसर, स्वर्गीय विजय कुमार अग्रहरि, स्व. केपी गुप्ता यज्ञसेनी, स्व. एफसी रूसिया गहोई, स्व. गिरधारीलाल अग्रहरि, स्व. भूषणलाल गुप्ता अयोध्यावासी के परिवारजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा संघ के प्रति किए गए कार्यों का स्मरण कराया गया। उपस्थित संस्थापक सदस्य सीएल गुप्ता तथा किशन गोपाल गुप्ता को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। संतोष गुप्ता, नवनिर्वाचित राष्ट्रीय संयोजिका आशा गुप्ता एवं नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष प्रतिभा के लिए सुनिधि रूसिया एवं करीना गुप्ता को सम्मानित किया गया।

#### पौराणिक प्रश्नमंच का आयोजन

इस दौरान संघ के सचिव शैलेष गुप्ता द्वारा पौराणिक प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं समस्त प्रश्नों का माकूल जवाब दिया। राजनांदगांव कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, विवेकानंद तथा संघ के संस्थापक सीएल गुप्ता, किशन गोपाल गुप्ता, अग्रहरि वैश्य समाज के संरक्षक श्यामचरण अग्रहरि, संघ के संरक्षक राजेश गुप्ता अग्रहरि, कसौंधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय संयोजिका एवं संघ की नवनिर्वाचित महिला मंडल की अध्यक्षा आशा गुप्ता, कसौधन वैश्य समाज प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता आदि मंचासीन थे।

---

## साधारण सभा की बैठक आयोजित



- अस्पताल के लिए पार्किंग सहित अन्य विषयों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदर्श ग्राम सुरगी में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अस्पताल में सीसी कैमरा, पार्किंग सेट, गार्डन का बाउंड्रीवाल एवं अन्य कार्य की स्वीकृति की सहमति बनी। तत्पश्चात प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत साहू, डॉ. एनके टंडन, श्वेता बंसोड प्रभारी चिकित्सक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, सुकृत दास साहू,हुलासी पंच, कनक बघेल सब इंजीनियर, मेघनाथ भुआर्य, हेमंत ठाकुर, श्रीमती आर. बाजपेयी, जय राय, विनय राजपूत, भगवती मंडावी, जन औषधि केंद्र संचालक यश साहू उपस्थित रहे।

---

# डेढ़ साल में चौथी बार बढ़ा बिजली का दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिजली की दरों में बढ़ोतरी को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस करते प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को घेरा गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश की आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दामों में वृद्धि कर रही है। 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता की जेब को फिर लूटने जा रही है। गैर घरेलू बिजली की दर पर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। किसान पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान है। वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल में 6 रूपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपए 20 पैसे किया गया। श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखे तो मात्र दो पैसे का था।




#### स्मार्ट मीटर से अधिक बिल

कांग्रेस कमेटी द्वारा कहा गया कि कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। वहीं स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। वहीं भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है।

#### बिजली बिल हॉफ

कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5-एचपी तक निःशुल्क बिजली व बीपीएल ग्राहकों को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई।

#### जिला और ब्लॉक में प्रदर्शन

बिजली बिल के वृद्धि को लेकर ब्लॉक स्तर पर 16 व 17 और 18 जुलाई को प्रदर्शन होगा। वहीं 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में विद्युत कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

---

# गरीबों की रोजी रोटी पर बुलडोजर चलाना अमानवीय कृत्य : हफीज

**राजनांदगांव।** नगर निगम राजनांदगांव के अतिक्रमण पर चल रही बुलडोजर कार्रवाई पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने जारी बयान में कहा है कि बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना, बिना व्यवस्थापन के इस तरीके से भरी बारिश में गरीबों की रोजी रोटी के साधन पर बेरहमी से बुलडोजर चलाना बेहद अमानवीय है।

उन्होंने कहा कि बरसात में तो पक्षियों का घोंसला भी नहीं हटाया जाता है और यहां बिना किसी पूर्व नोटिस इत्यादि के गरीब मजबूर लोगों की दुकानों में तोड़फोड़ की जा रही है। गौरतलब है कि शहरभर में कई ऐसी जगह है, जहां बड़े-बड़े रसूखदारों द्वारा भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा मनमाना अतिक्रमण किया गया है। ढेरों बड़ी-बड़ी



दुकानें, अस्पताल बिना पार्किंग चल रहे हैं, उस पर चुप्पी साधकर केवल गरीबों की दुकानें तोड़कर अपनी पीठ थपथपाने का काम और मीडिया की सुर्खियों में आने का कुंठित प्रयास नगर निगम राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है।

नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री खान ने जिला प्रशासन व नगर निगम पर निशाना साधते कहा कि यह कार्रवाई गरीब विरोधी है और निगम के भाजपा नेताओं का मौन उनकी सहमति दर्शाता है। जनता से उनके विकास के लिए उन्हें संपन्न बनाने वोट मांगकर सत्ता में आई भाजपा आज अपना असली रंग दिखा रही है।

---

# एनबीआईएस में ओरिएंटेशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में विगत दिनों शाला में नव-प्रवेशित छात्रों तथा पालकों के लिए ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी की शुरूआत संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया।

सेरेमनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्था के शैक्षणिक तथा शाला में सालभर होने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी को पालकों व छात्रों को अवगत कराना है। संस्था में वर्तमान में 2076 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। शाला की समस्त गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता अनिवार्य है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास शाला परिवार द्वारा सुनिश्चित कर सकें। समारोह में विषय अनुसार होने वाले टेस्ट परीक्षा की जानकारी दी गई। शाला में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओलंपियाड से सभी का परिचय कराया गया। शारीरिक विकास हेतु शाला प्रांगण में



बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट पिच, रनिंग ट्रैक के साथ ही इंडोर खेलों की जानकारी दी गई है। स्पेशल चाइल्ड की शिक्षा के लिए भी शाला में विशेषज्ञ नियुक्त हैं, जो बच्चों को समय-समय पर मार्गदर्शित करते हैं। समारोह में उपस्थित पालकों का प्राचार्य एकता गांधी द्वारा आभार प्रकट किया गया। शाला के डायरेक्टर बाजपेयी ने उपस्थित पालकों को सुनिश्चित किया कि उन्होंने अपने पाल्य को सुरक्षित हाथों में सौंपा है। जिसके सर्वांगीण विकास की सारी जवाबदारी शाला परिवार की है। ओरिएंटेशन सेरेमनी में शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, नवप्रवेशित छात्र एवं पालक उपस्थित थे।

---

# कांवरियों ने किया महेश्वर महादेव का जलाभिषेक

**राजनांदगांव।** अच्छी बारिश और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना को लेकर 20 किमी की यात्रा कर कांवरियों ने सांकरदाहरा से जल भरकर तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव



का जलाभिषेक किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवनाथ नदी के तट पर स्थित सांकरदाहरा से जल कांवङ व कलश में लेकर पैदल ही तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव पहुंचे। करीब 20 किमी की पदयात्रा कर श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया। उसके बाद कावड़ियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों ने पदयात्री कवड़ियों का राघोनवागाव में भव्य स्वागत किया।

समिति के सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर के नेतृत्व में कांवङ यात्रा की अगवानी की। जत्थे में शामिल भागवत साहू व मूलचंद चौधरी ने बताया कि दो वर्ष में ही तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव के प्रति ग्रामीणों में श्रद्धा बढ़ी है।

---

# जपं चढ़ा भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने बताया कि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले 102 ग्राम पंचायत में स्वच्छता के सामान का वितरण बिना किसी प्रस्ताव, बिना किसी विज्ञापन के सभी ग्राम पंचायतों में दबावपूर्ण कर दिया गया है। जिसमें मनमाना बिल लगाकर ग्राम पंचायतों से अवैध वसूली की जा रही है, जो पूर्ण रूप से अवैध और भ्रष्टाचार से लिप्त है और जनता के पैसों का दुरपयोग है।



जनपद सदस्य गुलशन लीलहरे और नरेंद्र वर्मा ने बताया कि दूसरा मामला सुशासन तिहार को लेकर सभी ग्राम पंचायतों से 5000 रुपए वसूलने का मामला अभी पंचायतों में सामने आया है, जहां शुसासन तिहार मानने जनता के पैसों का उपयोग हो रहा है, जो पूर्ण रूप से निराधार है। अगर जो राशि जनता के दैनिक उपयोग हेतु सरकार द्वारा जारी होती है, उसका प्रशासन और शासन द्वारा सीधा सीधा दुरूपयोग है। इसी क्रम में गुणवत्ता रहित बीज और खाद की कमी को लेकर कांग्रेस जनपद सदस्य से पुरजोर विरोध दर्ज किया है। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, गुलशन लीलहरे, प्रदेश महामंत्री व युवा कांग्रेस नरेंद्र वर्मा, रामेश्वर कंवर उपस्थित रहे।

---

#### चातुर्मास में मुनिश्री वीरभद्र ने कहा

# हमें स्वयं के बारे में भी जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य वीरभद्र (विराग) मुनि ने आज यहां कहा कि हम देश-विदेश के बारे में तो सभी जानते हैं, किंतु अपने बारे में क्या जानते हैं? हमें स्वयं को जानने का प्रयास करना चाहिए और इसके लिए जरूरी है, धर्म करने की अंतरंग इच्छा का होना। मुनिश्री ने कहा कि जो दृष्टि ज्ञानियों के पास है, वह हमारे पास नहीं है।

मुनिश्री वीरभद्र ने जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान कहा कि हर व्यक्ति को कुछ ना कुछ धर्म तो करना ही चाहिए। कुछ नहीं तो प्रतिक्रमण ही कर लें। गलती करने पर तत्काल माफी मांग ले, जो पाप हुए हैं उसके लिए इस काया को दंड देना चाहिए। सामायिक, वंदन, प्रतिक्रमण, पापों की आलोचना, यह सभी अनिवार्य रूप से करना चाहिए। धर्म करने के लिए पदार्थों को पूर्व क्रम से जानना आवश्यक है।



#### आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़े

मुनिश्री ने कहा कि गुणवान व्यक्ति दूसरे के गुणों की अनुमोदना करता है। जबकि हम अपने ही गुणों को बखान करने में लगे रहते हैं। हमें दूसरों के गुणों की भी अनुमोदना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा शरीर किस काम का, जो भगवान की आज्ञा का पालन न कर सके। मुनिश्री ने कहा कि हमें धर्म करते आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ना है और अपना जीवन सफल बनाना है।

#### संस्कार देने की जिम्मेदारी परिजनों की

मुनिश्री वीरभद्र ने कहा कि हमारी अंतर भावना निर्मल होनी चाहिए और धर्म के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए। जीवन में जो घटनाए घट रही है, उन घटनाओं के घटने के पीछे का कारण जानना चाहिए। हमने दुनिया देख ली, किंतु हमसे मोबाइल नहीं छूटता। पता नहीं मोबाइल से और क्या जानने की इच्छा रहती है। संस्कार देने की पहली जिम्मेदारी परिवार के दादा-दादी और माता-पिता और परिजनों की है। इसके बाद दूसरी जिम्मेदारी धर्म गुरुओं की है। साइकिल/ स्कूटर चलाते समय हम कितनी बार गिरते हैं, किंतु आखिर में हम उसे चलाना सीख ही जाते हैं। इसी तरह धर्म की राह कितनी भी कठिन क्यों ना हो आखिरकार हम आत्मकल्याण मार्ग की ओर बढ़ ही जाते हैं।



## अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन-प्रसादी ग्रहण किया

# डिप्टी सीएम की पहल पर कांवड़ियों श्रद्धालुओं को मिल रही विशेष सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के पवित्र अवसर पर अमरकंटक मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से जल लेकर कबीरधाम स्थित पुरात्तव, ऐतिहासिक और जनआस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव, जलेश्वर महादेव डोंगरिया, पंचमुखी बूढ़ा महादेव कवर्धा सहित प्रदेश के अनेक स्थानों से महादेव मंदिरों में जल अभिषेक के लिए विशाल बोल बम दल पदयात्रा का सिलसिला पूरे सावन माह चलता है। वहीं अमरकंटक से मुख्यतः गोपालपुर, लमनी, खुड़िया, बजाक, हनुमतखोल, पोलमी, पंडरिया, पाण्डातराई, डोंगरिया, पोंड़ी, कवर्धा व भोरमदेव मार्गों पर भगवा वस्त्रों में रंगा हुआ कांवड़ियों का जत्था मनमोहक दृश्य पूरे सावन महीनों में देखने को मिलता है। कांवर यात्रा के दौरान बोल बम, बम बोल और हर-हर महादेव, हर नर्मदे, हर हर नर्मदे का जयकारा मन-तन और आत्मा को भक्ति रस में विभोर कर देता है।

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने प्रदेश एवं कबीरधाम जिला से अमरकंटक आने वाले समस्त कांवरियों, पदयात्रियों, श्रद्धालुओं के निःशुल्क रूकने, भोजन, प्रसादी की व्यवस्था मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक मुख्य मार्ग में किया गया है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में समस्त कांवड़ियों, जत्था पदयात्रियों के स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार कि कोई कमी न हो इसकी चिंता करते हुए चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाकर सतत निगरानी किए जा रहे है। उपमुख्यमंत्री ने अमरकंटक से भोरमदेव मार्गों तक कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ियों को पदयात्रा के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग टीम द्वारा आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में रुकने एवं भंडारा व्यवस्था में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, दउवा गुप्ता, सुधीर केशरवानी, निशांत कुमार झा, निर्मल द्विवेदी, मंजीत बैरागी, रामसिंह ठाकुर एवं उनके टीम लगे हुए है।





**बोल बम समितियों को दिया जा रहा बाबा भोरमदेव का प्रतीक चिन्ह**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जिला बोल बम समन्वय समिति द्वारा कांवड़ यात्रा में शामिल बोल बम समितियों को बाबा भोरमदेव का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जा रहा है। इस प्रतीक चिन्ह का उद्देश्य श्रद्धालुओं में एकता, पहचान और भक्ति भाव को सुदृढ़ करना है। यह चिन्ह बाबा भोरमदेव की कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक बनकर हर कांवड़िओं के मन में श्रद्धा की ज्योति जलाएगा। इस पहल के माध्यम से उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह संदेश दिया है कि यह यात्रा केवल पदयात्रा नहीं, बल्कि संस्कृति, समर्पण और संगठित श्रद्धा का पर्व है। बोल बम समितियों को दिया जा रहा यह प्रतीक चिन्ह स्मृति के रूप में भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बनेगा और आने वाले वर्षों में भी कांवड़ यात्रा को एक विशेष पहचान देगा।



## भोरमदेव शक्कर कारखाना में कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की प्रेरणा एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रारंभ की गई है। यह सेवा कारखाना गेट के समीप संचालित की जा रही है, जहां प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी आवश्यक दवाईयों, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं परामर्श के साथ 24 घंटे उपलब्ध हैं। यात्रियों को थकावट, पैर में छाले, बुखार या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के समय तत्काल उपचार प्रदान किया जा रहा है। भक्तों की सुविधा के लिए जलपान, शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था भी व्यवस्था की गई है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि यह सेवा श्रावण मास भर जारी रहेगी और यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जन-कल्याण को समर्पित है। इस सेवा की व्यापक सराहना कांवड़ियों एवं स्थानीय जनों द्वारा की जा रही है।

## भोरमदेव कॉलोनी के रहवासी बुनियादी सुविधा समस्या से जुझ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित भोरमदेव शक्कर कारखाना में कार्यरत कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिए भोरमदेव कॉलोनी की स्थापना की गई है, जहां ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत पदाधिकारियों की भारी अनदेखी का खामियाजा कॉलोनी रहवासियो को बुनियादी सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। देखरेख के अभाव में भोरमदेव कॉलोनी गली-मोहल्ला में खरपतवार उग आए है, जिनके कारण से जहरीले जीव-जंतु की आंशका बनी हुई है। जिस पर जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गली-मोहल्ले की साफ सफाई की मांग की गई ताकि भोरमदेव कॉलोनी निवासियों को बुनियादी सुविधा मिल सके।

## पदयात्रियों के लिए बिजली विभाग ने लगाया विश्राम व जलपान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन के पहले सोमवार को बूढ़ा महादेव से लेकर भोरमदेव महादेव तक निकली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की पदयात्रा में जहां आस्था का सैलाब उमड़ी। वहीं बिजली विभाग द्वारा लगाया गया सेवा शिविर श्रद्धालुओं के लिए राहत और ऊर्जा का केंद्र बना। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा लगाए गए इस विश्राम व जलपान शिविर में सुबह से दोपहर तक लगातार हजारों पदयात्रियों को नाश्ता, पेयजल और फल वितरित किए गए। गर्मी और थकावट से जूझ रहे यात्रियों ने यहां रुककर राहत की सांस ली और फिर प्रसन्नता के साथ अपनी यात्रा आगे बढ़ाई।

इस शिविर की व्यवस्था अधीक्षण अभियंता रंजित घोष के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा, सहायक अभियंता दीपक लसेर (कवर्धा जोन), सुनील गुप्ता (कवर्धा ग्रामीण), कनिष्ठ अभियंता आदित्य सिंह (रवेली), रवि कुमार केशरवानी, संजय देवांगन, मनीष तंबोली और विभागीय टीम ने पूरी निष्ठा से सेवा दी। इस शिविर में न कोई औपचारिक मंच था, न कोई प्रचार केवल सेवा भावना और मानवता का समर्पण था, जिसे हर पद यात्री ने अनुभव किया। श्रद्धालुओं ने खुले दिल से इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह इस पूरी पद यात्रा का सबसे आत्मीय अनुभव रहा। पद यात्रा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल हुए। बूढ़ा महादेव से प्रारंभ यह यात्रा शांति, अनुशासन और श्रद्धा के साथ भोरमदेव महादेव तक पूरी की गई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और मार्ग व्यवस्था भी सुदृढ़ रही।

### उपमुख्यमंत्री पहुंचे सेवा पंडाल किए नाश्ता की सराहना

सावन पद यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थित सीएसपीडीसीएल के सेवा पंडाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर नाश्ता ग्रहण किया और विभाग की व्यवस्था को देख खुशी जाहिर की और कहां की बिजली विभाग ने बिना किसी दिखावे के जिस तरह श्रद्धालुओं के लिए सेवा पंडाल लगाया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

**खबर संक्षेप**

### शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समाज की बेहतरी के लिए आवश्यकः मिश्रा

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत सहसपुर लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, महेंद्र श्रीवास्तव, पार्षद ओम प्रकाश साहू, यादवेंद्र मांडवी, सौरभ श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित थें। वहीं एक पेड़ मां के नाम शाला परिसर में पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कलेक्टर ने परिवार संग की 18 किमी भोमरदेव पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण वातावरण में भोरमदेव पदयात्रा ऐतिहासिक बन गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अपने परिवार के साथ बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। इस पदयात्रा में पदयात्रियों, कांवड़ियों और शिव भक्तों की विशाल सहभागिता रही, जिनकी श्रद्धा और समर्पण ने इस आयोजन को भक्ति पर्व में बदल दिया। इस वर्ष भोरमदेव पदयात्रा को विशेष और आध्यात्मिक रूप से ऐतिहासिक बनाने के लिए नर्मदा मैया के जल की विशेष व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई थी। सभी पदयात्रियों को पवित्र नर्मदा जल के पैकेट प्रदान किए गए, जिससे उन्होंने बाबा भोरमदेव का जलाभिषेक कर आस्था की अनुपम मिशाल प्रस्तुत की। श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल को अपने साथ लेकर भक्ति भाव से भोरमदेव मंदिर में अर्पित किया। ग्राम समनापुर, अमलीडीह, रेंगाखार खुर्द, राजानवागांव और चौरा में ग्रामीणों, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा कलेक्टर श्री वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। राजानवागांव के बाद कलेक्टर श्री वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों की प्रेरक मिशाल पेश की। भक्ति और सेवा के इस संगम में कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष उद्बोधन में कहा कि भोरमदेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह स्थल ऐतिहासिक, पुरातात्विक, आध्यात्मिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सावन माह भर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। अमरकंटक से आने वाले हजारों पदयात्रियों सहित सभी भक्तों की सुविधा के लिए ठहरने, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। शिव तांडव, शिव विवाह आदि की विशेष झांकियों ने इस आयोजन को और भी भक्ति रस से भर दिया।

## साफ सफाई के अभाव में ग्रापं भवन गंदगी में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर




विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रभाटोला स्थित ग्राम पंचायत भवन परिषर का हाल-बेहाल है। बताया जाता है कि स्वच्छता व साफ सफाई के अभाव में ग्राम पंचायत भवन गंदगी से अटा-पटा है, वहीं ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव की देखरेख के अभाव में भारी अनियमितता के कारण ग्राम पंचायत भवन गंदगी में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रापं भवन में ताला लटकाने के कारण से ग्रामीणों को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत में हमेशा ताला लटके होने से ग्रामीण परेशान तथा ग्राम पंचायत भवन में आवारा मवेशियों का जमावड़ा होने से गंदगी व कीचड़ मय बना हुआ है।

### पंडरिया विधानसभा में सड़क निर्माण, पालिका एवं पंचायतों में कर्मचारियों की नियुक्ति व अन्य संबंध में पूछा प्रश्न

# विधायक बोहरा ने विस में बांग्लादेशी घुसपैठ पर किया ध्यानाकर्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 4 विभिन्न विषयों पर विधानसभा पटल के समक्ष प्रश्न रखा। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विधानसभा में सड़क निर्माण, पालिका एवं पंचायतों में कर्मचारियों की नियुक्ति, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन योजना एवं सिंगल विंडो सिस्टम के संबंध में प्रश्न किया। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पकड़े गए 30 बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रदेश से वापस भेजे जाने के संबंध में राज्य सरकार का ध्यानाकर्षण किया और अपने सुझाव सदन के समक्ष रखा। भावना बोहरा ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बांग्लादेशी घुसपैठ राज्य की आंतरिक व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ी समस्या बनती जा रही हैं जहां निरंतर इनकी संख्या तेजी के साथ बढ़ रही हैं, जिसके कारण राज्य में क्राईम भी बढ़ रहा है और प्रदेशवासियों की सरकारी संसाधनों का उपभोग भी किया जा रहा हैं। वही आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अनुसार विगत 2 वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल के रास्ते घुसपैठ कर बिहार, झारखंड होते हुए लगभग 5000 बांग्लादेशी छत्तीसगढ़ आने का अनुमान है। जिसका अनुमान सही भी होते नजर आ रहा है, हाल ही में कई घुसपैठियों का छत्तीसगढ़ में रहने का पुख्ता भी हो चुका हैं। जहां सिर्फ बिलासपुर मे ही 300 बांग्लादेशी घुसपैठ होने का संदेह है। कई बीते कई वर्ष से घुसपैठ कर रहे हैं जहां जिला दुर्ग के भिलाई शहर में दो घुसपैठियो की पहचान की गई। वहीं राजधानी रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में भी रह रहे हैं और नशा, तस्करी, लूट-पाट, चाकूबाजी व अनैतिक कृत्य के जरिए अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। इसके साथ-साथ अंतराष्ट्रीय गिरोह से भी इनका लिंक जुड़ा हुआ है व आतंकी गतिविधियों से भी जुड़े होने की आशंका हैं जिन पर त्वरित कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है। आज प्रदेश की आंतरिक शुरक्षा के प्रति मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए इन घुसपैठियों को प्रदेश से बाहर भेजने एवं उनकी पहचान करने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आज प्रदेश में 30 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेज दिया गया है यह सरकार की त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्रदेशवासियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

### वित्तीय वर्ष में कितनी सड़कों का निर्माण कार्य हो चुका?

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक श्रीमती बोहरा ने प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक कितनी लम्बाई के कुल कितनी नवीन सड़कों का निर्माण किया गया है? वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल कितनी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं कितनी सड़कों का निर्माण कार्य निर्माणाधीन व अप्रारम्भ है? एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल सड़कों में से कितनी सड़कें निविदा स्तर पर लम्बित हैं एवं कितनी सड़कों का निविदा कार्य पूर्ण हो चुका है? जिसका उत्तर देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक 13.50 किलोमीटर के कुल 4 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 15 सड़कों के निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है जिसमें से मैनपुरा में हरिनाला पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और 14 सड़कों का निर्माण कार्य हेतु कुल लागत का आंकलन किया जा रहा है वहीं वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में कुल 14 सड़कों के निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है जिसमें 10 सड़कों हेतु कुल लागत तय की जा चुकी है, 2 सड़कों का कुल लागत का आंकलन किया जा रहा है, 1 सड़क की पुनरावृत्ति है एवं 1 सड़क अन्य विभाग के अधीन है।

### महिला जन-कल्याणकारी योजना के संबंध में सवाल किया

महिला सशक्तिकरण हेतु शासन की जन-कल्याणकारी योजना के संबंध में प्रश्न करते हुए श्रीमती बोहरा ने पूछा कि मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना की पात्रता के नियम क्या हैं? इस योजना हेतु आवेदन मंगवाने की प्रक्रिया कैसे तय की जाती है? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत कितनी महिलाओं का आवेदन 1 जनवरी, 2024 से 20 जून 2025 तक प्राप्त हुआ है? प्राप्त आवेदन में से कितनो को सहायता-लाभ प्राप्त हुआ है? एवं मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना में लाभान्वित महिलाओं हेतु क्या किसी तरह के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है? जिसका लिखित प्रतिउत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने बताया कि श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु राशि रूपए 7900 प्रदान किया जाता है। योजनांतर्गत पात्रता संबंधी शर्तें निम्नानुसार है 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु की पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक। मंडल में 01 वर्ष पूर्व से पंजीकृत हो। मंडल की मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा राज्य शासन के किसी विभाग, उपक्रम, मंडल, निगम अथवा राज्य शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान से टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। राज्य शासन द्वारा संचालित किसी समानान्तर योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो। मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो। योजना का लाभ केवल एक बार देय होगा।

## भावना सेवा संस्थान ने पुस्तक वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित सेवा संस्थान के अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को निः शुल्क पुस्तक वितरण किया गया। बताया जाता है कि पंडरिया शहर के होनहार छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर संचालित कर पूरे प्रदेश के अंदर अपनी प्रतिभा को पीएससी, परीक्षा एवं व्यापम परीक्षा, नीट परीक्षा जैसे में प्रतिस्पर्धा कर सामना करेंगे, जिनके सहयोग के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने एक बार सहयोग करने जा रही है साथ ही साथ कॉलेज के छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा भी शुरू की जा रही है। ये जनसेवक और जन सेवा ही भावना है और भावना ही जन सेवा है, जहां लोगों के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस एवं जांच लेबोरेटरी वाहन जिसमें 20 प्रकार की निःशुल्क जांच की जाती है।

स्थापना वर्ष 2014
VIPS VISION PARAMEDICAL
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

**अनदेखी:** बारिश में कभी भी ढह सकती जर्जर व खस्ताहाल झोपड़ी, स्कूली बच्चे खतरे में

# जर्जर व खस्ताहाल झोपड़ी में लग रही सरकारी प्राथमिक शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति न प्रदान कर क्षेत्र के सत्ताधारी जनप्रतिनिधि व नेताओं का रूतवा व कद देकर दी जा रही स्वीकृतियों का दंश जिले के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को किस रूप में भुगतना पड़ रहा है इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम देवानपटपर स्थित बदना चुआ में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि यहां वर्ष 1997 से शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन एक खपरेलनुमा झोपड़ी में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शुरूआती दिनो में तो झोपड़ी की स्थिति और मजबूती ठीक थी लेकिन फिर भी प्राथमिक शाला भवन के संचालन लायक नहीं थी। लिहाजा तभी से ग्रामीणों द्वारा यहां एक पक्के स्कूल भवन की मांग की जाती रही है। लेकिन इस बीते 28 सालों में न तो कांग्रेस की सरकार ने कभी ग्रामीणों की मांग पर कान दिए और न ही भाजपा सरकार के नुमाईदों इस ओर कोई ध्यान दिया। जबकि इस दौरान जिले में जाने कितने सरकारी स्कूल भवन की स्वीकृति दी गई होगी लेकिन हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने कभी बदना चुआ के शासकीय प्राथमिक शाला को प्राथमिकता में नहीं रखा। यही वजह है कि बीते करीब 28 वर्षो से इस वनांचल के बच्चे इस झोपड़ी में प्राथमिक शिक्षा ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि साल दर साल इस झोपड़ी की स्थिति जर्जर व बदहाल होती चली गई और अब तो बारिश के इन दिनो में झोपड़ी की मिट्टी से निर्मित दीवारे फूल चुकी हैं और कभी भी भरभराकर गिर सकती हैं। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि यहां के बच्चे जान हथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करने मजबूर हैं।



### स्कूल में 32 बच्चों की दर्ज संख्या, दो शिक्षक पदस्थ

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बदनाचुआ में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक के कुल 32 बच्चे अध्यनरत हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए कुल दो शिक्षक पदस्थ किए गए है। लेकिन स्कूल भवन नहीं होने के कारण यहां सभी पांच कक्षाओं के बच्चों को झोपड़ी के एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाई लिखाई की औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती है। निश्चित रूप से केन्द्रीयकृत शिक्षा प्रणाली लागू करने का राग अलापने वाली प्रदेश सरकार के ढोल में यह प्राथमिक शाला बढ़ा पोल है।

### लगातार की मांग के बाद भी कार्यवाही शून्य

इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच सहित ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम बदनाचुआ में स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन तथा मांग पत्र सौंप चुके हैं लेकिन आज पर्यंत इस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्राम सरपंच ने बताया कि अभी हाल ही में 6 जुलाई 2025 को भी प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूल भवन की मांग की गई है। ग्राम सरपंच व ग्रामीणों ने गांव में जल्द से जल्द स्कूल भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# सर्व कुर्मी समाज के बाद बजरंगदल ने किया कवर्धा कोतवाली का घेराव

## समाज के दबाव में बजरंगियों पर झूठे मामले दर्ज करने का आरोप

- मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार की रात एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा गाय को ठोकर मारे जाने के बाद दो पक्षों के बीच उपजा विवाद अब तूल पकड़ते जा रहा है।

इस मामले को लेकर जहां बीते सोमवार को सर्व कुर्मी समाज ने कवर्धा कोतवाली का घेराव कर समाज के युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कार्यवाही किए जाने की मांग की वहीं मंगलवार को इसी मामले में बजरंगदल ने कवर्धा कोतवाली का घेराव कर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मारपीट तथा लूटपाट की फर्जी शिकायत पर आपराधिक मामला दर्ज किए जाने का विरोध करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा बाजिब दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को कवर्धा-रायपुर मार्ग स्थित चन्द्रायन हॉस्पिटल के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने गाय को ठोकर मार दी थी। जिसे लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा की नौबत मारपीट तक आ गई। सर्व कुर्मी समाज का आरोप है कि वाहन चालक द्वारा गाय को ठोकर मारने के बाद बीच बचाव करने पहुंचे सर्व कुर्मी समाज के सदस्य आनंद चन्द्रवंशी के साथ कुछ लोगों ने मारपीट और लूटपाट की है। इसी बात को लेकर सोमवार की देररात सर्व कुर्मी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में कवर्धा कोतवाली पहुंचकर थाना का घेराव किया और आरोपियों के खिलाफ आराधिक मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता सागर साहू सहित कुछ अन्य बजरंगियों के खिलाफ मारपीट तथा लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी बजरंगदल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को होने के बाद बड़ी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भी कवर्धा कोतवाली का घेराव कर डाला। बजरंग दल के कार्यकर्ता सागर साहू तथा पूरन पाली का आरोप है कि उनके खिलाफ तथा बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद हैं।



उन्होने सर्व कुर्मी समाज से अपील करते हुए कहा कि वे गलत व्यक्ति का साथ न दें वहीं उन्होने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वह समाज के दबाव में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे आपराधिक मामले दर्ज करने के बजाए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करें।

बजरंग दल ने पुलिस प्रशासन से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए मामलों को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की है। बहरहाल पुलिस प्रशासन की समझाईश व जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद बजरंगदल ने घेराव समाप्त कर दिया है। लेकिन यह मामला एक बड़ा रूप लेते दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया पौधारोपण

**कवर्धा।** पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय 13 जुलाई 2025 को ईको क्लब मिशन फार लाईफ के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम शीर्षक से वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के लगभग 110 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और विद्यालय परिसर में 40 पौधों का रोपण किया। लगाए गए पौधों में नीम, पीपल, गुलमोहर एवं अमरूद जैसी पर्यावरण हितैषी प्रजातियां शामिल रहीं। इस अभियान का नेतृत्व शुभम गर्ग एवं सुश्री विनिता देवांगन के साथ अन्य शिक्षकों के सहयोग से किया गया। अभियान विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए यह संदेश दिया कि एक पेड़ मां के लिए हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि है। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने की योजना है।

# बिजली दर में वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन



- जिला स्तरीय घेराव व धरना प्रदर्शन 22 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में सीधे गांव, गरीब और किसानो के उपभोक्ताओं से जुड़े इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कवर्धा शहर कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रदेश की साय सरकार पर जमकर निशाना साधा और कई गंभीर आरोप लगाए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस ने कहा कि डेढ़ साल के भीतर भाजपा की साय सरकार चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाकर सीधे तौर पर जनता की जेब में ढांका डाल रही है। कांग्रेस ने बताया कि सरकार ने इस बार घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। वहीं सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि विद्युत पंप के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर किसानो का बोझ बढ़ा दिया है। कांग्रेस ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब भाजपा सरकार कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दी, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार प्रेसवार्ता के बाद ईई./एई/जेई कार्यालय घेराव 16,17 एवं 18 जुलाई को किया जाएगा। वहीं जिला मुख्यालय कवर्धा में 22 जुलाई को विद्युत कार्यालय घेराव किया जाएगा।

# पीडब्लूडी परीक्षा में धांधली को लेकर एनएसयुआई ने सीएम का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एनएसयूआई कबीरधाम द्वारा जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के नेतृत्व में मंगलवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में बिलासपुर पीडब्लूडी परीक्षा में हुए डिजिटल नकल व धांधली के विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर सरकार की शिक्षा-विरोधी नीतियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी ने बताया कि बिलासपुर के बहुचर्चित पीडब्ल्यूडी सब-इंजीनियर परीक्षा घोटाले ने प्रदेश की परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। उन्होने कहा कि जब-जब भाजपा सरकार आती है धांधली और भ्रष्टाचार साथ लाती है यह आज की बात नहीं है पूर्ववर्ती रमन सिंह की सरकार में शिक्षा मंत्री केदार कश्यप की पत्नी की जगह परीक्षा हॉल में कोई और परीक्षा देने पहुंचा था, ये भाजपा की रीति-नीति रही है की शिक्षा का स्तर गिराकर अपनों को भ्रष्टाचारी रूप से लाभ पहुंचाना है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा में भी शिक्षा में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है लेकिन एनएसयूआई के लगातार प्रदर्शन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी का तबादला तो हुआ लेकिन अभी तक उचित कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होने कहा कि जल्द ही नए शिक्षा अधिकारी से मिलकर कार्यवाही के लिए मुद्दों से अवगत कराया जाएगा और तब भी कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक, तेज और निर्णायक होगा। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी कवर्धा ब्लाक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, प्रदेश सचिव युका आकाश केशरवानी, जिला महासचिव राहुल सिन्हा, दामोदर चन्द्रवंशी, जलेश्वर यादव, शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, शरद बांगली, मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, अभय बनर्जी, परमेश्वर धृतलहरे, नरेंद्र वर्मा, राहुल चंद्रवंशी, तुकेश कौशिक, राजा यादव, राहुल साहू, विवेक वर्मा, ऋषि राज वर्मा, प्रमोद केशरी, शिवा साहू, प्रांजल यादव, दीपक पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जरूरतमंद छात्र को प्रदान की गई व्हीलचेयर...

**पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के प्राथमिक विद्यालय पौनी के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत बालक हरिद्वार साहू पिता शत्रुहन साहू को मंगलवार को आवश्यकता के आधार पर व्हीलचेयर प्रदान किया गया। बालक हरिद्वार काफी दिनों से ग्राम पौनी में ही निवासरत है, उसके पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हुये उसका पालन पोषण करते है, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा गत वर्षो में कई बार उसे शाला में नाम दर्ज करने को कहा लेकिन इस वर्ष उम्र के आधार पर उसे विद्यालय के कक्षा पांचवीं में दाखिल कराया गया। कुंडा माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक मोहन राजपूत ने रुचि लेते हुए विकासखंड स्रोत केन्द्र्र पंडरिया में उक्त बच्चे के संबंध में जानकारी प्रदान की और बताया कि उस बच्चे को उपकरण की आवश्यकता है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीईओ महेंद्र गुप्ता एवं बीआरसीसी अर्जुन चंद्रवंशी के निर्देश में मंगलवार उक्त बालक को विद्यालय में ही बीआरपी विनोदपूरी गोस्वामी द्वारा व्हीलचेयर प्रदान किया गया। प्राथमिक विद्यालय में उपकरण वितरण के दौरान प्रधान पाठक मोहन राजपूत, वासुदेव सिंह, शिक्षक कर्नल तिवारी उपस्थित थे।




**हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समिति जोराताल कवर्धा ने आयोजित किया कार्यक्रम**

# श्रावण मास में शिव महापुराण सुनने उमड़ रही लोगों की भीड़




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समिति जोराताल कवर्धा में 13 जुलाई से आयोजित श्री शिव महापुराण महाकथा के तीसरे दिन भी श्रोताओं द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के साथ कथा का श्रवणपान किया गया। वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास श्रीधाम वृंदावन के मुखारबिंदु से निकली शिव कथा की गंगा में मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर डुबकी लगाते दिखाई दिए। आज की कथा में माता सती के चरित्र का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें भगवान शिव के प्रति उनकी निष्ठा, त्याग और समर्पण की कथा सुनाई गई। कथा व्यास ने बताया कि सती चरित्र केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन के कठिन क्षणों में धैर्य, विवेक और प्रेम के साथ निर्णय लेने की सीख है। इस प्रसंग को सुनकर उपस्थित भक्तगण भावुक हो उठे और कई श्रोताओं की आंखें भर आई। इसके बाद संध्या देवी की कथा का दिव्य वर्णन हुआ, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार संध्या देवी ने शिवभक्ति के मार्ग पर चलते हुए अपने तप, संयम और आस्था से भगवान शिव को प्रसन्न किया। यह कथा आत्मिक शुद्धि, मानसिक अनुशासन और भक्ति के महत्व को दर्शाती है। आचार्य श्री ने इसे शिव तत्व से जुड़ने का मार्ग बताया। कथा स्थल पर श्रोताओं की अपार भीड़, नियमित भजन-कीर्तन, शांत वातावरण और भक्तिभाव में लीन जनसमूह ने आयोजन को अत्यंत पवित्र और अलौकिक बना दिया है। कथा स्थल को सजावट से भव्य रूप दिया गया है, वहीं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई है। यह दिव्य शिव महापुराण कथा 20 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। साथ ही शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति मे प्रमुख रूप से कालोनिवासियों के साथ प्रमुख रूप से देवी चंद्राकर, संतोष भारद्वाज, शिवा कसार, राजकुमार चंद्रवंशी, प्रवीण परिहार, अमित श्रीवास्तव, नवल नरवरिया, सुभांक श्रीवास्तव, दिवाकर राजपूत, वर्षा चंद्राकर, वंदना श्रीवास्तव, वर्षा ठाकुर, पार्वती चंद्रवंशी एवं राजीव केशरी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस संबंध में फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सीडी भट्ट ने बताया कि सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी, एफआर वर्मा से सौजन्य मुलाकात की एवं उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होने बताया कि यह मुलाकात समग्र शिक्षा की बेहतरी, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान एवं शैक्षणिक वातावरण के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्यों को लेकर की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सीडी भट्ट एवं तुलाराम सागर द्वारा किया गया। उनके साथ संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान शिक्षकों की वर्तमान स्थिति, शाला संचालन की चुनौतियां तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की दिशा में ठोस कार्ययोजना पर संवाद किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने फेडरेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि शिक्षक हित में यथा संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन और शिक्षकों के बीच समन्वय से ही शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त किया जा सकता है।

